समर्पण

मेरे श्रद्धेय पिता,

स्वर्गीय श्रीमान् "केवलचन्दजी सा. पांड्या" अपने अनोखे व्यक्तित्व वाले प्राणी थे। वे सरल, निष्कपट, उदार, सहिष्णु एवं स्वाभिमानी थे। धर्मप्रेमी होने के कारण उनका जीवन शान्तिमय होता। किसी भी परेशानी एवं बाधा के आने पर भी वे व्याकुल नहीं होते थे वरन् धर्माराधन में लग जाते थे। वे दृढ़ निश्चयी थे। अपने निश्चय से विमुख नहीं होते थे। उनके नित्यकर्म में, कोई भी बाधा आने पर भी, अनियमितता नहीं आती थी। आपने अपने जीवन में जो उद्देश्य बना रखे थे उनका अक्षरशः पालन करते थे।

आपके दो पुत्र एवं तीन पुत्रियां हैं। जिन्हें आपने उनके अनुकूल उच्च शिक्षा दिलाई एवं सुयोग्य बनाया।

सहृदय एवं सरल परिणामी होने के कारण आपका स्वर्गवास समाधि के समान त्याग पूर्वक हुआ एवं अन्तिम क्षण तक भी आप पंच परमेष्ठी का नाम लेते रहे।

आज आप हम लोगों के बीच में नहीं हैं किन्तु आपके आदर्श हमें प्रेरणा देते रहते हैं। आप सहर्ष प्रत्येक धर्म कार्य में योगदान देते रहते थे। उन्हीं की पावन स्मृति में यह पुस्तक "उपदेश सिद्धान्त रत्नमाला" पाठकों को सप्रेम समर्पण की जा रही है, ताकि वे इसे पढ़कर धर्माराधन में लीन होवें।

आपकी पुत्री
प्रभा

उत्पन्न हुई स्व-पर तत्व की श्रद्धा से भेद ज्ञान उत्पन्न होने पर और भी अनादि काल संचित भी विनष्ट होती है। इस तरह सद्देव गुरु और धर्म के सम्यक् श्रद्धान से ही जीवको गृहीत और अगृहीत दोनों प्रकार के मिथ्यात्वों से छुटकारा मिलता है जो मुमुक्षु को सर्वथा और सर्व प्रथम अभीष्ट है।

ग्रन्थ कर्ता ने सद्गुरु के निर्णय की ओर आत्मार्थ जीवों का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया है। उसका मुख्य कारण यह है कि गुरु ही वस्तुतः धर्मतत्व के वाहक होते हैं वे स्वयं मोक्षमार्गी स्वयं होते हुये संसार के प्राणियों को भी मोक्षमार्ग में लगाते हैं। इसलिये मुमुक्षु को गुरु के निर्णय में थोड़ी सी भी त्रुटि नहीं करना चाहिये अन्यथा कुगुरुओं का संसर्ग जीव का उल्टा अहित ही करता है। ग्रन्थ कर्ता लिखते हैं।

सप्पो इक्कं मरणं, कुगुरु अणंताइ देइ मरणाइं।
तो वर सप्पं गहियं, मा कुगुरु सेवणं भद्द ॥

तात्पर्य यह कि सर्प डस ने से तो जीव का एक बार ही मरण होता है किन्तु कुगुरुओं से आत्मघात होने पर जीव के अनन्त जन्म नष्ट हो जाते हैं इसलिये सर्पदंश से भी बढ़ कर कुगुरुओं से आत्मघात का भय कहीं अनन्त गुना भयंकरकारी है।

अन्य धर्मों की बात जाने दीजिये एक जैन धर्मानुयायी ही जो इतनी अधिक शाखा प्रशाखाओं में विभक्त है और होते जा रहे हैं यह सब उत्सूत्र भाषी और शिथिलाचारी गुरुओं की ही देन है। ग्रन्थ कर्ता एक उदाहरण द्वारा यही बात दिखाते हैं।

जह कोइ सुकुल वहुणो, सीलं मइलंति लिंति कुलणालं।
मिच्छत्त मायरंतवि वहन्ति तह सुगुरु केरत्तं ॥

अर्थात् जैसे कोई कुल वधु अपने शील व्रत को भंग करती हुई अपने कुल के नाम से अपने को कुलीन कहती है। उसी प्रकार मिथ्या आचरण करते कराते हुये भी अनेक कुगुरु अपने को सद्गुरु का शिष्य प्रगट करते हैं।

इस तरह वीतराग देव की सराग उपासना, गुरुओं की आरम्भ परिग्रह सहित विषयानुराग रूप ही प्रवृत्तियां एवं धर्म के नाम पर धर्माडम्बर या धर्मान्धता का प्रचार और प्रसार देखकर अन्त में ग्रन्थकर्ता क्षुब्ध हृदय से अपनी अन्तर्भावना व्यक्त करते हैं—

कइया होइ दिवसो जइया सुगुरुण पाय मूलम्भि।
उत्सूत्र लेस विसलप, रहिउण .सुणेसु जिणधम्मं ॥

अर्थात वह दिवस कब होगा जब मैं सुगुरु के चरणों में बैठकर उत्सू की विष कणिका रहित शुद्ध जिनधर्म का स्वरुप सुनूंगा।

अतः पाठकों से निवेदन है कि ग्रन्थकर्ता ने समाज में मिथ्यात्व बढ़ते हुये प्रचार को देखकर उससे प्रत्येक मुमुक्षु को बचने की प्रबल प्रेरण जिस पवित्र भावना से दी है उसका आदर कर इस ग्रन्थ का स्वाध्याय क और देव शास्त्र गुरु के स्वरुप का सम्यक् निर्णय कर मोक्ष मार्ग में अग्रसर हों

हस्त लिखित प्रतियों में कितनी अशुद्धियां रहती हैं यह विद्वान जानते ही हैं। फिर प्राकृत भाषा की गाथाओं का तो कहना ही क्या है। तथापि अर्थ के आधार पर गाथाओं का संशोधन करते हुये भी मेरी अल्पज्ञता के कारण कोई त्रुटि रह गई हो तो विद्वान संशोधन कर पढ़ें और मुझे उसकी सूचना अवश्य दें।

पं. दयाचन्द शास्त्री
उज्जैन

स्वर्गीय श्रीमान् "केवलचन्दजी सा. पांड्या"

(१०.९.१२ – १९७८)

आपकी पुण्य स्मृति में सप्रेम भेंट

स्वर्गीय श्रीमान् "केवलचन्द्रजी सा. पांड्या"

(१९१३ – १९७२)

आपकी पुण्य स्मृति में सप्रेम भेंट

ॐ

॥ श्री सर्वज्ञवीतरागाय नमः ॥

शास्त्र स्वाध्याय का प्रारम्भिक मंगलाचरण

ओंकारं बिन्दुसंयुक्तं नित्यं ध्यायन्ति योगिनः ।
कामदं मोक्षदं चैव ॐकाराय नमो नमः ॥१॥

अविरलशब्दघनौघप्रक्षालितसकलभूतलमलकलङ्का ।
मुनिभिरुपासिततीर्था सरस्वती हरतु नो दुरितान् ॥२॥

अज्ञानतिमिरान्धानां ज्ञानाञ्जनशलाकया ।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥३॥

॥ श्री परमगुरवे नमः परम्पराचार्यगुरवे नमः ॥

सकलकलुषविध्वंसकं, श्रेयसां परिवर्धकं धर्मसम्बन्धकं भव्यजीवमनः प्रतिबोधकारकं, पुण्यप्रकाशकं, पापप्रणाशकमिदं शास्त्रं श्री "[illegible]" नामधेयं, अस्य मूलग्रन्थकर्तारः श्री सर्वज्ञदेवास्तदुत्तरग्रन्थकर्तारः श्री गणधरदेवाः प्रतिगणधरदेवास्तेषां वचनानुसारमासाद्य आचार्य श्री............ विरचितं, श्रोतारः सावधानतया शृण्वन्तु ॥

मंगलं भगवान वीरो, मंगलं गौतमो गणी ।
मंगलं कुन्दकुन्दार्यो, जैनधर्मोऽस्तु मंगलम् ॥१॥

सर्वमंगलमांगल्यं, सर्वकल्याणकारकम् ।
प्रधानं सर्वधर्माणां, जैनं जयतु शासनम् ॥२॥

卐 卐

श्री

ॐ नमः सिद्धेभ्यः

अथ "उपदेश सिद्धान्त रत्नमाला" नाम ग्रंथ को
वचनिका भागचन्द कृत लिख्यते ॥

दोहा

वीत राग सर्वज्ञ के, वंदूं पद शिवकार ।
जासु परम उपदेश मणि माला त्रिभुवनसार ।

ऐसे निर्विघ्न शास्त्र की परि समाप्ति आदि प्रयोजन के अर्थ अपने इष्टदेव को नमस्कार करि "उपदेश सिद्धान्त रत्नमाला" नाम ग्रंथ की वचनिका लिखिये हैं ।

तहां इस ग्रंथ में देव, गुरु, धर्म, के श्रद्धान का पोषक उपदेश नीके किया है, सो यहु मोक्षमार्ग का प्रथम कारण है । जाते सांचे देव गुरु धर्म की प्रतीति होने तें यथार्थ जीवादिकनि का श्रद्धान, ज्ञान, आचरण रूप मोक्षमार्ग की प्राप्ति होय, तब जीव का कल्याण होय है । तातें आपका कल्याणकारी जानि इस शास्त्र का अभ्यास करण योग्य है ।

गाथा

अरिहंदे वो सुगुरु सुद्ध, धम्मं च नव-धारो ।
धण्णाण कयत्थाणं,

अर्थ

घार घातिया कर्मनि का नाश करि अनंत ज्ञानादिक की प्राप्ति भये । ऐसे अरहंत देव बहुरि अतरंग मिथ्यात्यादि अर बहिरंग यस्त्रादि परिग्रह रहित, ऐसे प्रशंसा योग्य गुरु, अर हिंसादि दोष रहित निर्मल जिन भासित धर्म, अर पंच परमेष्ठीन का वाचक पंच णमोकार मंत्र, ये पदार्थ, किया है, आपका कार्य जिनते ऐसे जे उत्तम पुरुष जिनके हृदय विषें निरतंर यसे हैं ।

भावार्थ

अरहंतादिक के निमित्त तें मोक्षमार्ग की प्राप्ति होय है। तातें निकट भव्यन ही के इनके स्वरुप का विचार होय है। अन्य मिथ्यादृष्टिन को इनकी प्राप्ति होना दुर्लभ है ॥ १ ॥

गाथा

जइ ण कुणसि तवयरणं, णप्रढसिण गुणसि ददासिणो दाणं
ता इति यंण सक्किसि, जं देवो इक्क अरिहंतो ॥ २ ॥

अर्थ

जो आपकी शक्ति के हीन पना तै तू तपश्चरण न करे है, अर विशेष नाहीं पढे हैं । अर विचार नाहीं करे हैं, तो भला ही मत कर, परंतु एक सर्वज्ञ वीतराग देव की श्रद्धा दृढराख । जाते तिस कार्य के करने को एक अर्हंत देव समर्थ हैं । ता कार्य करने को ये तपश्चरणादि समर्थ नाहीं ।

भावार्थ

जो पुरुष शक्ति के हीन पने ते तपश्चरणादि न करे हैं। अर अर्हंत के मत की श्रद्धा है, जो भगवान ने कहा हैं, सो सत्य है, तो वह जीव मोक्षमार्गी ही है । अर अरहंत के मत की श्रद्धा बिना घोर तपश्चरणादि करे हैं, तो भी विशेष फल पावे नाहीं ।

तातें जो शक्ति होय सो करना। अर जाकी शक्ति न होय ताका श्रद्धान करना। श्रद्धान ही मुख्य धर्म है ऐसा जानना ॥ २ ॥

गाथा

रे जीव भव दुहाइंइक्कुविय हरइ जिणमयं धम्मं।
इयराणं पणमंतो सुह कज्जे मूढ़ मुसिओसि ॥ ३ ॥

अर्थ

रे जीव एक ही जिनराज का कह्या धर्म सकल संसार के दुःखनि को हरे है। तातें हे मूढ़! सुख के अर्थ अन्य हरिहरादि कुदेवादिकानि कों नमस्कार करता संता तू ठिगाया।

भावार्थ

सकल सुख का कारण जो जिन धर्म ताहि पाय कर भी जो सुख के अर्थ अन्य कुदेवादि कों पूजे हैं, सो गाठं का सुख खोवे हैं। मिथ्यात्वादि के पोते पाप बाँध नरकादिक में उलटा दुःख भोगवे हैं ॥ ३ ॥

गाथा

देवेहिं दाणवेहिं णसुउ मरणाउ रक्खिउ कोवि।
दिढ़कय जिण सम्मत्ता बहुविय अजरामरं पत्ता ॥ ४ ॥

अर्थ

देव कहिये कल्पवासी, दानव कहिये भवनत्रिक इन करि कोई मरण तें राख्या सुन्या नाहीं। बहुरि दिढ़ किया है जिनराज का सम्यक् जिनने ऐसे पुरुष हैं, ते घने ही अजर अमर पने को प्राप्त भये।

भावार्थ

इस जीव को सब भयनि तें मरण का भय बड़ा है। ताके निवारवे के अर्थ कुदेवादिक को पूजे हैं। सो कोई भी मरण

तें बचाय सके नाहीं । तातें उनको पूजना वंदना मिथ्याभाव है। बहुरि जिनमत के श्रद्धान तें मोक्ष की प्राप्ति होय है । तहां सदा अविनाशी सुख भोगे हैं । तातें जिनराज ही मरण का भय निवारे हैं, ऐसा जानना ।। ४ ।।

गाथा

जह कुवि वेसारत्तो, मुसिज्जमाणो विमण्णए हरिसं
तह मिच्छवेस मुसिया, गयंपि ण मुणंति धम्मणिहिं ।।५।।

अर्थ

जैसे कोई वेश्या विषें आसक्त पुरुष है, सो आपका धन मुसावता भी हर्ष माने है । तैसें मिथ्या भेषनि करि ठिगाये जीव हैं, ते गया जो धर्म निधि ताको भी न जाने है ।

भावार्थ

जैसे कोई वेश्या आसक्त तीव्र राग के उदय करि धन ठिगावता भी हर्ष माने है । ते मिथ्यात्व के उदय करि मिथ्या भेष जे रक्तांबर, श्वेतांबर, हंस, परमहंस, एकदंडी, त्रिदंडी इत्यादिकनिं को धर्म के अर्थ हर्ष तें पूजे हैं, वंदे हैं । तहां सम्यक्-दर्शन की हानि होय है । ताकों न जाने है, यहु मिथ्यात्व की महिमा है । आगे कोऊ कहे । जो हमारी मिथ्या भेषनि की सेवा कुल क्रम तें चली आई है, या सर्व लोक इनको सेवे हैं । तातें कुलधर्म को हम कैसें छोड़ें ताकू समझाइये हैं ॥ ५ ॥

गाथा

लोय पवाहे स कुल-कम्मम्मि जइ होदू मूढ़ धम्मुत्ति
ता मिच्छाण विधम्मो धकाइ अहम्म परिवाडी ६ ॥

है मूढ जो लोक प्रय

मान्या आचरण अर अपना कुलक्रम ता विर्षे जो धर्म होय तो म्लेच्छन के कुल विर्षे चली आई हिंसा सो भी धर्म होय। अर अधर्म की परिपाटी कौन होय, तातें लोक प्रवाह में या कुलक्रम में धर्म नाहीं। धर्म तो जिन भाषित वीतराग भाव रुप है। आपके कुल में साचां भी जिन धर्म चाल्या आया होय, अर ताकों कुलक्रम जानि सेवे तो विपेश कुल दाता नाहीं, तातें जिणवाणी के अनुसार निर्णय करि धर्म धारण योग्य है ॥ ६ ॥

गाथा

लोयम्मिरायणीई णायं ण कुल कम्मम्मि ।
कय अविकिंपुणति लोय पहुणो जिंणिदधम्महि गारम्मि ॥७॥

अर्थः—लोक में भी राजनीति है, जो न्याय कुलक्रम विर्षे कदाचित् न होय हैं तो कहा, तीन लोक का प्रभू जो अरहंत ताके जिन धर्म के अधिकार विर्षे कुलक्रम के अनुसार न्याय होय, कदाच न होय।

भावार्थः—लोक में राजा भी कुल के अनुसार न्याय न करे हैं। बड़ेन के कुल का है, अर जो चोरी अन्याय करेगा तो वांकू दंडही देयगा। तो अलौकिक जो जिन-धर्म तामें कुल का न्याय कैसे होय। बड़े आचार्यन के कुल का नाम करि पाप करेगा तो पापी हो है, गुरु नाहीं ऐसा जानना ॥ ७ ॥

गाथा

जिणवयण वियत्तूणवि जीवांण जं ण होइ भव विरई।
ता कह अवियत्तूणवि मिच्छत्त हयाण पासम्मि ॥८॥

अर्थः—जिन वचन को जानि करि भी जो संसार तें उदासीनता न होय है, तो जिन वचन को बिना जाने मिथ्यात्व करि हते जे कुगुरु तिनके निकट संसार तें उदासीनता कैसे होय।

भावार्थः—केई जीव संसार तें छूटने के अर्थ भी कुगुरुन कों सेवै है। तिनको कह्या है, जो वीतराग भाव के पोषक जो जिनवचन ताहि जानकरि भी कर्म देव के वशतें संसार तें उदासीनता न उपजे है, तो राग द्वेष के पुष्ट करने वाले जे कुगुरु तिनके निकट विरक्तता कैसें उपजेगी। कदाचि न उपजेगी ॥ ८ ॥

गाथा

विरयाणं अविरए जीवे दट्ठुन होई मणतावो।
हा हा कह भव कूवे बूडंतापिच्छमच्चंति ॥ ९ ॥

अर्थः—असंयमी जीवनि को देखि करि संयमीन के मन में बड़ा संताप होय है। जो हाय हाय देखहु संसार कूप में डूबते संते ये जीवना चाहे है।

भावार्थः—अज्ञानी जीव हंसि हंसि के मिथ्या ... भये संसार ... कारण करम बंध ... श्रीगुरुन के ... हैं। जो ये ... वीतराग वचो ... ॥ ९ ॥

(आगे सब ... में अविरत ... हैं

गाथा

आरंभजम्मिपा... पावंति
जं पुण ...

अर्थः—व्यापारादि ...
संते जीव तीव्र ...
करि भी जीव दर्शन...
पावे है।

भावार्थः—केई जीव व्यापारादिक को छोड़ी जिन आज्ञा बिना आचरण करते भी आपको गुरु माने हैं। तिनको कह्या है जो आरंभ जनित पाप करि नरकादिक दुःख तो पावे हैं, परन्तु कदाच मोक्ष-मार्ग की प्राप्ति भी होय है। अर जिनवाणी के श्रद्धान रूप मिथ्यात्व के अंश करि तो मोक्षमार्ग अत्यन्त दुर्लभ होय है। तातैं सब पापनि में मिथ्यात्व बड़ा पाप है ॥ १० ॥

गाथा

जिणवर आणा भंगं उमग्ग उस्सुत लेस देसणयं।
आणा भंगे पावं ताजिणमय दुक्करं धम्मं ॥ ११ ॥

अर्थः—जिन सूत्र उलंघि अंशमात्र भी उपदेश देना है, सो जिनवर को आज्ञा भंग करणा है। अर मार्ग की उलंघकरि प्रवर्तना है। अर आज्ञा भंग विषें ऐसा पाप है। जातें जिन भाषित धर्म दुर्लभ होय जाय है।

भावार्थः—जिनवर की आज्ञा सिवाय कषाय के वशतें एक अक्षरभी कहें तो ऐसा पाप होय, जाकरि निगोद चल्या जाय। फेरि जिनमत पावना दुर्लभ होय जाय। तातें जिनवाणी सिवाय अपनो पद्धति बढावने अर्थ वा मानादिक पोषणे के अर्थ उपदेश देना योग्य नाहीं ॥ ११ ॥

गाथा

जिणवर आणा रहिय वड्डारंताविं केवि जिणदव्वं।
बुड्डंति भव समुद्दे मूढा मोहेण अण्णाणो ॥ १२ ॥

अर्थः—कोई पुरुष जिन आज्ञा रहित जिन-द्रव्य जो चैत्यालय का द्रव्य ताहि बढावे है। ते अज्ञानी मोह करि संसार समुद्र विषें डूबे हैं।

भावार्थः—कोई जीव चैत्यालय के द्रव्य तें व्यापार करे हैं। अर केई उधार लेय आजीविका करे हैं। ते जिन आज्ञा तें पराङ्मुख हैं, अज्ञानी हैं, वे जीव महापाप बांधि संसार विषैं डूबे हैं॥१२

गाथा

कुग्गह गह गहियाणं मुद्धो जो देइ धम्म उवएसो।
सो चम्मासी कुक्कर वयणम्मि खवेइ कप्पूरं ॥१३॥

अर्थः—खोटे आग्रह रुप पिशाच करि ग्रहे जे जीव, तिनकों जो मूर्ख धर्मोपदेश देय हैं। सो चामड़े का खानेवाला जो कूकर ताके मुख में कंपूर डाले हैं। जिनके तीव्र मिथ्यात्व का उदय है, तिनकूं जिनवाणी रुचे नाहीं ॥ १३ ॥

गाथा

रोसोपि खमाकोसो, सुत्तं भासंत जस्स धण्णस्स।
उस्सूत्तेण खमाविय दोस महामोह आवासो॥ १४॥

अर्थः—जिन सूत्र के अनुसार, उपदेश देने वाला, जो उत्तम वक्ता ताका रोष भी क्षमा का भंडार है, । बहुरि सूत्र कों उलंघकरि उपदेश देय हैं, ताकी क्षमा भी रागादिक दोष अर मिथ्यात्व का ठिकाना हैं।

भावार्थः—वक्ता यथार्थ उपदेश देय हैं। अर कारण के वश तें क्रोधकरि भी कहे हैं। तो भी वह क्षमा ही है। वाका प्रयोजन तो धर्म में लगावना है। अर जो आजीविकादिक के अर्थ यथार्थ उपदेश देय हैं सो आपका व पर का अकल्याण करने ते, ताकी क्षमा भी आशय के वश तें दोषरुप है॥ १४ ॥

गाथा

एक्कोविण संदेहो, जं जिणधम्मेण अत्थि मोख सुहं।
तं पुण दुव्विणेयं अइ उविकट्ठ पुण्ण रसियाणं ॥१५॥

अर्थः—जिन राज के धर्म करि मोक्ष होय है। जामें एक प्रकार भी संदेह नाहीं। तातें जे उत्कृष्ट धर्म रस के रसिक हैं। तिनकों सो ही जिन धर्म कष्ट करि जानना योग्य है।

भावार्थः—जीव का हितकारी एक जिन धर्म ही है। तातें अति कष्ट करि भी ताका स्वरूप जानना योग्य है। अन्य लौकिक वार्ता सीखने में कछु आत्महित नाहीं। वे तो कर्मानुसार सब ही के बनि रहे हैं ॥ १५ ॥

गाथा

सव्वंपि वियाणिज्जइ लब्भइ तह चउरि भाय जणमज्झे।
एक्कवि मायदुलहं, जिणमय विहिरयण सुविआणं ॥१६॥

अर्थः—और लौकिक वार्ता तो सब ही जानिये हैं। बहुरि संसे ही चोहटे में पड्या रत्न भी पाइये हैं। परंतु हे भाई। जिन-भाषित धर्म रूप रत्न का सम्यक् लाभ दुर्लभ है। तातें जिस तिस प्रकार जिनधर्म का स्वरूप जानना योग्य है। यह तात्पर्य है॥१६॥

गाथा

मिच्छत बहुलभावे विउद्ध सम्मत कहणमवि दुलहे।
जह वर णरवर चरियं पावणरिंदस्स उदयम्मि ॥१७॥

अर्थः—मिथ्यात्व का तीव्र उदय विषें निर्मल सम्यक्त्व का कहना भी दुर्लभ है जैसें पापी राजा के उदय विषें न्यायवान राजा का आचरण दुर्लभ है।

भावार्थः—इस निकृष्ट क्षेत्रकाल में मिथ्यादृष्टी का तीव्र उदय है। तातें अब यथार्थ कथन करने वाले भी दुर्लभ है। आचरण करने वाले जन की तो कहा कहिये ॥ १७ ॥

गाथा

बहु गुण विज्जाणिलउ, उस्सूत भासी तहा विमुत्तव्वो।
जह वरमणिजुत्तो विहु विग्धपरो विसहरो लोए ॥१८॥

अर्थः–सूत्र को उलांघ उपदेश देने वाला पुरुष बहुत क्षमादि गुण अर व्याकरणादि विद्यानि का स्थान होय तो भी त्यागना योग्य है। जैसे लोक विषें सर्प श्रेष्ठ मणि करि सहित भी विघ्न का कर्ता है।

भावार्थः–विद्यादिक चमत्कार देखि करि भी कुगुरु का प्रसंग करण योग्य नाहीं। तातें स्वेच्छाचारी के उपदेश तें आपके श्रद्धानादिक मलीन होय, तातें बड़ी हानि होय है ॥ १८ ॥

गाथा

सयणाणं वा मोहे, लो आधिप्पंति अत्थ लोहेण।
णोधिप्पंति सु धम्मे, रम्मे हा मोह माहप्पं ॥ १९ ॥

अर्थः–संसारी जीव हैं ते प्रयोजन के लोभ करि पुत्रादिक स्वजननि का मोह को ग्रहण करे हैं। अर यथार्थ जिनधर्म को अंगीकार नाहीं करे हैं। हाय हाय ! यहु मोह का महात्म्य है।

भावार्थः–समस्त जीव आपको सुखी चाहे हैं। परंतु सुख कारण जो जिनधर्म तांकू तो न सेये हैं। अर पाप बंध के जे पुत्रादिक तिनसे स्नेह करे हैं। सो यहु महात्म्य है। ॥ १९ ॥

गाथा

गिह वावार परिस्सं खिण्णाण णराण वे
एगाण होई रमणी, अण्णेसि जिणिंद वर

अर्थः–घर के व्यापार का जो परिश्रमण ता करि खेदखिन्न ऐसे जे केई अज्ञानी जीव तिनके विश्राम का स्थान स्त्री हैं। बहुरि केई ज्ञानी जीवनि के जिनेंद्रका भाष्या श्रेष्ठ धर्म विश्राम का स्थान है।

भावार्थः- अज्ञानी जीव तो सुख का कारण स्त्री आदि पदार्थ नि को माने है। बहुरि ज्ञानी जन हैं ते वीतराग भावरुप जिन धर्म ही को सुख का कारण माने हैं ॥ २० ॥

गाथा

तुल्लेवि उअर भरणे मूढ़ अमूढाण पच्छ सुविवागं।
एगाण णरय दुःखं अण्णेसिं सासयं सुक्खं ॥ २१ ॥

अर्थः–उदर भरने में समान होते भी ज्ञानी अर अज्ञानीनि के क्रिया का फल देखहु। एकें अज्ञानीनि के तो नरक का दुःख होय है। अर ज्ञानीनि के अविनाशी सुख होय है।

भावार्थः- अपना उदर भरकें आपकी पर्याय पूरी तो ज्ञानी अज्ञानी दोनों ही करे हैं। परंतु अज्ञानी अज्ञानासक्त पना तें नरक जाय हैं, अर ज्ञानी भेद-विज्ञान के बल तें कर्मनि का नाश करि सुखी होय है। तातें विवेकी होना योग्य है ॥ २१ ॥

आगे संसार तें उदास होने रुप विवेक का उपाय दिखावे हैं।

गाथा

जिणमय कहा पबंधो, संवेग करो जियाण सव्वाणं।
संवेगो सम्मत्ते, सम्मत्तं सुद्ध देसणया ॥ २२ ॥

अर्थः–जिन भाषित कथा का प्रबंध है, सो सर्व ही जीवनि के धर्म रूचि रुप है। संवेग का करता है। परंतु सम्यक् श्रद्धान होते संते संवेग होय है। बहुरि सम्यक् श्रद्धान शुद्ध गुरु के उपदेश तें होय है।

भावार्थः–शुद्ध गुरु के मुख तें जिनसूत्र सुने तो श्रद्धान पूर्वक धर्म में रुचि होय है। अश्रद्धानी के मुख शास्त्र सुने श्रद्धान निश्चल होय नाहीं, ऐसा तात्पर्य है ॥ २२ ॥

गाथा

तं जिण आण परेणय, धम्मो सो अव्व सुगुरु पासम्मि।
अह उचिऊ सट्ठाउ, तस्सुव एसस्स कहगाऊ ॥ २३ ॥

अर्थः–तातें जिन आज्ञा विषें परायण जो पुरुष ताकरि बाह्याभ्यतंर परिग्रह रहित निर्ग्रंथ गुरु निकट शास्त्र श्रवण करना योग्य है। अथवा वैसे गुरुनि का संयोग न होय तो तिस निर्ग्रंथ गुरु ही के उपदेश का कहने वाला जो श्रद्धानी श्रावक, तातें धर्म श्रवण करना योग्य है।

भावार्थः–शास्त्र श्रवण की पद्धति राखने के अर्थ जिस तिस के मुख शास्त्र न सुनना। कै तो निग्रर्थ आचार्य के निकट सुनना। कै ताही के अनुसार कहने वाले श्रद्धानी श्रावक ताके मुख सुनना। तब ही सत्यार्थ श्रद्धान रुप फल शास्त्र श्रवण तें उपजे ॥ २३ ॥

गाथा

सा कहा सो उवएसो, तं णाणं जेण जाणइ जीवो।
सम्मत्त मिच्छ भावं, गुरु अगुरु लोय धम्मण्दिी ॥ २४ ॥

अर्थः-सो ही तो कथा है । सो ही उपदेश है अर सो ही ज्ञान है । जाकरि जीव सम्यक् मिथ्या भाव कौं जाने । अर पुरुनि का स्वरूप कुगुरुनि का स्वरूप लोकरीति धर्म का स्वरूप जानें ।

भावार्थः-जिन करि हिताहित जाने ऐसे जैन शास्त्र ही सुनना । अन्य रागादिक बढ़ावने वाले मिथ्याशास्त्र श्रवण करना योग्य नाहीं ॥ २४ ॥

गाथा

जिण गुण रयण महारिहि लध्दूण विकिण जाई मिच्छत्तं ।
अह लद्धे वि णि हाणेकि विणाण पुणो विशारिहे॥२५॥

अर्थः-जिनराज के गुण रूप रत्ननि का बड़ा भंडार पाय करि भी मिथ्यात्व क्यों न जाय है । यह आश्चर्य की बात है । अथवा पाये भी केर कृपण पुरुषनि के दारिद्र रहे ही है । यामें कहा आश्चर्य है ।

भावार्थ-जिनराज को पाय करि मिथ्यात्व न जाय सो बड़ा आश्चर्य है । अथवा जा का भला होनहार नाहीं ता का ऐसा ही स्वभाव है । ऐसे जानि करि संतोष करणा ॥ २५ ॥ आगें सम्यक्त्व होने का कारण धर्म-पर्व जिनने स्थापे तिनकी प्रशंसा करे हैं ।

गाथा

सो जयउ जेण विहिया, संवच्छर चाउमासिअ सुपव्वा ।
णिद्दं धयाण जायइ जस्स पहावाउ धम्म मइ ॥ २६ ॥

अर्थः-सो पुरुष जयवंत होउ, जाने संवत्सर अर चातुर्मासिक कहिये दशलक्षण, अष्टान्हिकादिक, धर्म के पर्व निर्मापे । जिन

पर्वनि के प्रभाव तें पापीनि के भी धर्म–बुद्धि होय है। मह आरंभी भी दशलक्षणी आदि पर्वनि विषें जिन मन्दिर जाय ध सेवै है। तातें धर्म पर्व का कर्त्ता पुरुष धन्य है। ॥ २६ ॥ आ मिथ्यात्व के प्रबल करने वाले जिनने रचे तिनकी निंदा करे हैं

गाथा

णामंपि तस्स असुहं जेण णिद्दिट्ठाइ मिछपव्वाइ।
जेसिं अणु संगाउ धम्मीणवि होइ पाव मई ॥ २७ ॥

अर्थः–जाने मिथ्यात्व के पर्व जे होली, दिवाली, दशहर संक्रांति अधिक जलादिक की हिंसा होय या ऐसा एकादशी आदि व्रत जामें कंद मूलादिक का भक्षण या रात्रि भक्षण होय इत्यादि मिथ्यात्व के पर्व जाने रचे ताका नाम भी पाप बंध क कारण है। जातें तिन मिथ्या पर्वनि के प्रसंग ते धर्मात्मानि भी पाप बुद्धि होय है। धर्मात्मा के भी देखा देखी चंचल बु होय है ॥ २७ ॥

गाथा

मज्झट्ठिइ पुण एसा अणु संगेण हवंति गुण दोसा।
उक्किट्ठ पुण्णपावा, अणुसंगेण णधिप्पंति ॥ २८ ॥

अर्थः–या प्रकार गुण अर दोष प्रसंग तें होय हैं। ते मध्य स्थिति रूप होय हैं। जातें उत्कृष्ट पुण्य पाप प्रसंग तें न होय हैं भावार्थः–जे तीव्र मिथ्या दृष्टि हैं, तिनके धर्म के निमित्त मिल भी धर्म बुद्धि न होय है। अर जे दृढ श्रद्धानी हैं, ताके पाप निमित्त मिलते भी पाप बुद्धि न होय है। तातें भोले जीवनि हो जैसा निमित्त मिले तैसा परिणाम होय है। सों करे हैं ॥ २८ ॥

गाथा

अइसय पावीजीवा, धम्मिय पव्वे सुतेवि पावरया।
ण चलंति सुद्ध धम्मा धण्णा किवि पाव पव्वेसु ॥ २६ ॥

अर्थः–जे अत्यन्त पापी जीव हैं, ते धर्म के पर्वनि विषें भी पाप में तत्पर होय हैं। बहुरि जे शुद्ध धर्मात्मा हैं, निर्मल श्रद्धानी हैं, ते कोई भी पाप-पर्व विषें न चलायमान होय हैं। ॥ २९ ॥ आगें धन कें निमित्त के वश तें गुणदोष का कारण दिखावे हैं।

गाथा

लच्छीवि हवइ दुविहा एगा पुरिसाण खवइ गुण रिद्धि।
एगाय उल्लसंतो अपुण्ण पुण्णप्प भावाउ ॥ ३० ॥

अर्थः–लक्ष्मी भी दोय प्रकार होय हैं। एक लक्ष्मी तो पुरुषनि के भोगनि में लगने तें पाप के योग तें सम्यक्त्वादि गुण रूप रिद्धि का नाश करे हैं। बहुरि एक लक्ष्मी दान पूजा में लगने तें पुण्य के योग तें सम्यक्त्वादि गुणनि को हुलसायमान करे हैं। तातें पात्र दानादिक धर्म कार्य ही मैं धन लागे सो सफल है यह तात्पर्य है ॥ ३० ॥ आगे केई दान भी देय हैं, परन्तु कुपात्र के योग तें सो भी निष्फल जाय हैं, ऐसा दिखावे हैं।

गाथा

गुरुणो भट्टा जाया सद्दे थुणिऊण लिंति दाणांइ।
दुण्णिवि अगुणिय सारा दूसम समयम्मि वुड्डंति ॥३१॥

अर्थः–पंचम काल विषें गुरु तो भाट भये, जे शब्दनि तें स्तुति करि के दाननि को लेय हैं। सो ये देने वालो अर लेने वालो

दोनों ही नाहीं जान्या हैं, जिनमत का रहस्य जिनने, ऐसे संसार समुद्र विषें डूबे हैं।

भावार्थः–दाता तो अपना मान पोषणे के अर्थ देय है। अर लेने वाला लोभित होय अनछाते दाता के गुण भाट की ज्यों गाय गाय दान लेय हैं। सो मिथ्यात्व कषाय के पुष्ट होने तें दोनो ही संसार में डूबे हैं। बहुरि पंचम काल कहने का अभिप्राय यहु है जो अन्य मत में ब्राह्मणादिक ऐसे दान लेने वाले तो आगे भी थे, परंतु जिनमत में भी केई भेषी भाटवत् दान लेने वाले भये हैं। सो इस निकृष्ट काल ही में भये हैं, ऐसा जानना ॥ ३१ ॥

गाथा

मिछ पवाहे रत्तो, लोउ परमत्थ जाणओ थोवो।
गुरुणो गारव रसिया सुद्ध मग्गं णिगूहंति ॥ ३२ ॥

अर्थः–मिथ्यात्व के प्रवाह विषें आसक्त जो लोक ता विषें परमार्थ के जानने वाले तो थोड़े हैं। जातें गुरु हैं, ते अपनी महिमा के रसिक तें शुद्ध मार्ग को छिपावे हैं।

भावार्थः–धर्म का स्वरुप गुरुनि के उपदेश तें जानिये हैं। बहुरि जे गुरू कहावे है, ते इस काल विषें अपनी महिमा के आशक्त भये संते यथार्थ धर्म का स्वरुप कहे नाहीं। तातें जिन धर्म की विरलता इस काल में भई है ॥ ३२ ॥

गाथा

सव्वोवि अरह देवो सुगुरु गुरु भणइ णाम मित्तेण।
[illegible]सि सरुव सुहयं पुण्ण विहूणा ण पावंति ॥ ३३ ॥

अर्थः—अरहंत देव अर निर्ग्रंथ गुरु ऐसे तो नाम मात्र करि सर्व ही कहे हैं। परंतु तिनका यथार्थ स्वरूप भाग्यहीन जीव हैं, ते न पावै हैं।

भावार्थः—नाम मात्र करि तो अरहंत देव, निर्ग्रंथ गुरु श्वेतांबरादिक भी कहै हैं। परंतु तिनका यथार्थ स्वरूप जाने नाहीं। तातैं जिनवाणी के अनुसार अरहंतादिक का अवश्य निश्चय करना। इस कार्य में भोला रहना योग्य नाहीं ॥ ३३ ॥

गाथा

सुद्धा जिण आयारया के सिं पावाण हुंति सिरसूंल।
जेसिं तं सिर सूंल के सिं मूढाण ते गुरुणो ॥ ३४ ॥

अर्थः—सुद्ध जिनराज की आज्ञा में तत्पर पुरुष हैं, ते केई पापीनि के सिर सूल हैं ॥ ३४ ॥

भावार्थः—यथार्थ जिन धर्म के आगे मिथ्यादृष्टिनि का मत चलने पावै नाहीं। तातैं इनको ये अनिष्ट भासे ही। बहुरि केइन के ते मूर्ख गुरु नाहीं, जिनके तें सिर सूल हैं। जे जीव मिथ्यादृष्टिन कौं गुरु माने हैं, श्रद्धानी हैं, तिनको ते गुरु यथार्थ मार्ग के लोपने वाले अनिष्ट भासे हैं। जो इनका संयोग जीवनि कै कदाच मत होउ ॥ ३४ ॥

गाथा

हा हा गुरुय अकज्जं, सामी णहु अत्थि कस्स पुक्करिमो।
कह जिण वयणं कह सुगुरु, सावया कह यउदि अकज्जं ॥३५॥

अर्थः—हाय हाय! बड़ा अकार्य है। प्रगट कोउ स्वामी नाहीं हम कौन सें प्रकार करें। जिन वचन तो कौन पुकार हैं, अर सुगुरु कैसे हैं, अर श्रावक कौन प्रकार हैं, यह अकार्य है।

भावार्थः—जिन वचन में तो तिल के तुष मात्र भी परिग्रह रहि
श्रीगुरु कहे हैं। अर सम्यक्तादि धर्म के धारी श्रावक कहे हैं।
बहुरि अबार इस पंचम काल में गृहस्थ से भी अधिक तो परिग्र
रखि हैं। अर आपको गुरु मनावे हैं। बहुरि देव गुरु धर्म र
वा न्याय अन्याय का तो किछूं टीक नाहीं। अर आपको श्राव
माने हैं। सो यहु बड़ा अकार्य है। कोऊ न्याय करने वाल
नाहीं। कौन सों कहिये। ऐसा आचार्य खेद करि कह्या है ॥३५॥

गाथा

सप्पे दिट्ठेणा सइ लोओ, णहु किंवि कोई अक्खेइ।
जो चयइ कुगुरु सप्पं हा मूढ़ा भणइ तंदुट्ठं ॥ ३६ ॥

अर्थः—सर्प को देख करि लोग दूर भागे हैं। तासें तो कोइ
किछु भी कहे नाहीं। बहुरि जो कुगुरु का त्याग करे, तासें हाय
हाय मूढ जन दुष्ट कहे हैं।

भावार्थः—सर्प तें भी अधिक दुखदाई कुगुरु हैं। सो सर्प को त्यागें
तासे तो सब भला कहे। अर कुगुरु को त्यागें तासें मूर्ख जीव
निगुरा कहे हैं। यहु बड़े खेद की बात है ॥३६॥ आगे कोउ
कहे जो सर्प तें भी अधिक दोष कुगुरु में कहा है।

गाथा

सप्पो इक्कं मरणं कुगुरु अणंताइ देइ मरणाइं।
तो वर सप्पं गहिअं मा कुगुरु सेवणं भद्दं ॥ ३७ ॥

अर्थः—सर्प तो एक ही मरण देय हैं। जो कदाच सर्प डसे तो
एक ही बार मरण होय। बहुरि कुगुरु हैं सो अनंते मरण देय हैं।
कुगुरु के प्रसंग तें मिथ्यात्वादि पुष्ट होने तें निगोदादिक में जीव
अनंतमरण पावे हैं। तातें हे भद्र! सर्प का ग्रहण करना तो भला

परंतु कुगुरु का सेवना भला नाहीं ॥३७॥ आगे लोकनि की अज्ञानता दिखावे हैं।

गाथा

जिण आणा वि चयंता गुरुणो भणिऊण जे ण मज्जंति।
ता किं कीरई लोओछलिओ गड्डरि पवाहेण ॥ ३८ ॥

अर्थः—जिनराज की आज्ञा तो यह जो कुगुरु का सेवन मत करो। ताकौं भी त्याग करि अर जो कुगुरुन कौं गुरु कहि नमस्कार करे हैं। सो लोक कहा करे। गाडरी प्रवाह करि ठिगाया।

भावार्थः—जैसें एक गाडर कुवा में पड़े ताके पीछें और भी पड़ती जाय, कोउ विचारे नाहीं। तैसें अज्ञानी जीव कोउ एक कुगुरु कौं माने है, ताके अनुसार सर्व ही माने है। कोउ गुण दोष का निर्णय करे नाहीं। यह अज्ञान का महात्म्य है ॥३८॥

गाथा

णिट्ठविउण्णो लोओ जइ कुवि मग्गेइ रहिया खंड।
कुगुरुण संग वयणे दक्खिणं हा महा मोहो ॥ ३९ ॥

अर्थ—जो कोई रोटी का टुकड़ा भी मांगे तो यह लोक में दर्शनता रहित गहला बतावे है। अर कुगुरु नाना प्रकार के परिग्रहनि की याचना करे तामें भी प्रवीणपना ठहरावे। सो हाय हाय! यह मोह का महात्म्य है ॥३९॥

गाथा

किं भणिमो किं करिमो ताण हआ ताणा धिट्ठ दुट्ठाणं।
जे दंसिऊण लिंगं खिवंति णरयम्मि मुद्ध जणं ॥ ४० ॥

अर्थः—आचार्य कहे हैं, तिन कुगुरुन से हम कहा कहें। अर कहा

करो। जे लिंग कहिये बाह्य भेष ताहि दिखाय कर भोले जीवनि को नरक विषे खेचें हैं। कैसे हैं ते कुगुरु, नष्ट बुद्धि हैं। कार्य अकार्य के विवेक रहित हैं। बहुरि लज्जा रहित चाहे सो कहें तातै धीठ हैं। बहुरि धर्मात्मान से द्वेष राखने तें दुष्ट हैं।

भावार्थः—कुगुरु अपना मिथ्या भेष तें भोले जीवनि को ठग करि कुगति में ले जाय हैं ॥४०॥

गाथा

कुगुरू विसंसि मोहं जेसिं मोहाइ चंडिमा दठ्ट।
सुगुरूण उवरि भत्ती अइ णिवडा होइ भव्वाणं ॥४१॥

अर्थः—जिनको मिथ्यात्वादि मोह का तीव्र उदय है तिनि के कुगुरुनि की भक्ति वंदना रूप अनुराग होय है। बहुरि वाह्याभ्यंतर परिग्रह रहित जे सुगुरु तिन ऊपर भव्य जीवनि की तीव्र प्रीति होय है।

भावार्थः—जैसी जीव की प्रीति जैसे ही जीव से होय है। तातें जे तीव्र मोही कुगुरु है, तिनसे मोहीन की प्रीति होय है। अर वीतरागी गुरुनि से मंद मोही जीवनि की प्रीति होय है ऐसा जानना ॥ ४१ ॥

गाथा

जह जह तुट्टइ धम्मो, जह जह डुट्ठाण होई अइ उदओ।
सम्मदिट्ठि जियाणं तह तह उल्लसइ खम्मत्तं ॥ ४२ ॥

अर्थः—जैसा जैसा जैन धर्म हीन होय है। अर जैसा जैसा ...नि का उदय होय है। तैसा तैसा सम्यग्दृष्टी जीवनि का ...क्त हुलसायमान होय है।

भावार्थः—इस निकृष्ट काल में, जिन धर्म की विरलता अर मिथ्याद्दष्टीनि की संपदा का उदय देखि करि द्दढ श्रद्धानीनि के यह भावना होय है। जो ये मिथ्याद्दष्टीनि का धर्म भी भला है। उलटा निर्मल श्रद्धान होय है। जो यहु काल दोष है। भगवान ने ऐसे ही कह्या है।

गाथा

जइ जंतु जणणि तुल्ले, अइ उदयं जंण जिणमए होई
तं किट्ठकाल संभव, जिआण अइ पाव माहप्पं ॥ ४३ ॥

अर्थः—जो षट काय जीवनि की रक्षा करने कों माता समान जिन धर्म ता विषें अत्यन्त उदय न होय है। सो इस निकृष्ट काल में उपजे जीवनि का अति पाप का माहत्म्य है।

भावार्थ.—इस निकृष्ट काल में भाग्य हीन जीव उपजे हैं। तिनकों जिन धर्म की प्राप्ति दुर्लभ है। तातें जिन धर्म की विरलता दीसे हैं। किछु धर्म हीन नाहीं।

गाथा

धम्ममि जस्स माया, मिछत्त गाहा उसूत्ति णो संका।
कुगुरुवि करइ सुगुरु दिउ सोवि, सपाव पुण्णोत्ति ॥४४॥

अर्थः—जा जीव के धर्म विषें तो माया कहिये बल है। जो किछु धर्म का अंग सेवे है। तामें आपकी ख्याति, लाभ, पूजा, का आशय राखे है। बहुरि जामें मिथ्यात्व के अर्थ गाथा है। गाथा सूत्रनि का यथार्थ अभि_प्राय तो न जाने है। उल्य. मिथ्या अर्थ ग्रहण करे हैं। बहुरि उत्सूत्र कहिये, सूत्र सिवाय बोलने में जाके शंका नाहीं। यद्वा तद्वा कहे है। बहुरि कुगुरुनि कों दक्षपात के वश तें [illegible] है [illegible]

गाथा

सुद्ध पिहि धम्मराउ बहुइ सुद्धाण संगमे सु अणसो ।
विय असुद्ध संगे तिउ णाण विगलइ अणुदीहं ॥ ४७ ॥

अर्थः-निर्मल श्रद्धावान् सज्जननि के संग होत संते निर्मल आचरण सहित अनुराग बढे हैं। बहुरि सोई अशुद्ध मिथ्यादृष्टीनि का संग होत संते दिन दिन प्रति प्रवीण पुरुषनि का भी श्रद्धान आचरण हीन होय हैं।

भावार्थः-जैसी संगति मिले तैसा ही गुण निपजे हैं। तातैं अधर्मीन की संगति छोड़ि धर्मात्मान् की संगति करनी यह सम्यक्त्व का मूल कारण है ॥ ४७ ॥

गाथा

जो सेवइ सुद्धगुरु अशुद्ध लोयाण सो महा सत्तू ।
तम्हा ताण सयासे वल रहिउ मा वसिज्जाखु ॥४८॥

अर्थः-जो पुरुष बाह्याभ्यंतर परिग्रह रहित शुद्ध गुरुन का सेवक है। सो मिथ्यादृष्टी लोकनि का महाशत्रु है। तातै तिन मिथ्यादृष्टीन के निकट बल रहित मत वसउ।

भावार्थः-जा क्षेत्र में मिथ्यादृष्टीन का घना जोर होय तहां धर्मातमा कौं रहना नाहीं। जिन धर्मीन की संगति रहना योग्य है ॥ ४८ ॥

गाथा

समय विऊ असमत्था सु समत्था तत्थ जिण-मए ।
अबऊ तत्थ णवट्ठइ धम्मो पराहंव लहइ गुणरागी ॥४९॥

अर्थः—जहां जैन सिद्धान्त के ज्ञाता गृहस्थ तो असम... अर अज्ञानी जन सामर्थ्य सहित हैं। तहां धर्म बड़े ... धर्मात्मा जीव पराभय अनादर ही पावे है।

भावार्थः—जहां कोई जिनवाणी का मर्म न जाने तहां र... उचित नाहीं ॥ ४९ ॥

गाथा

जंणं फरइ अइभावं अमग्ग सेवी समुत्थउ धम्मे
ता लद्धं अह कुज्जा ता पीडइ सुद्ध धम्मत्थी ॥ ५० ॥

अर्थः—जो समर्थ होय सो धर्म के विषं अतिभाव (अभिलाषा) नाहीं करे। अर मार्ग विषं लगा हुआ शुद्ध धर्म का अभिलाषी जन पीड़ा कूं प्राप्त होय है।

गाथा

तं जयइ पुरिसरयणं सुगुणड्ढं हेमगिरि वर मव्हायं।
जस्सा सयम्मि सेवइ सुविहि रउ सुद्ध जिणधम्मं ॥५१॥

अर्थः—जाके आश्रय भले आचरण में तत्पर पुरुष निर्मल जिन धर्म को सेवे हैं। सो पुरुषनि विषें रत्न समान उत्तम पुरुष जयवंत हैं। कैसा है सो पुरुष भले सम्यग्दर्शनादि गुणनि का धारी है। बहुरि सुमेरु गिरी समान बड़ा है। सो सम्यक्त्व का अंग है ॥ ५१ ॥

गाथा

सुरतरु चिंतामणिणो अग्घं ण लहंति तस्स पुरिसस्स।
जो सुविहिरय जणाणं धम्माधारं सया देई ॥ ५२ ॥

अर्थः–जो पुरुष शास्त्राभ्यास आदि भले आचरण करने वाले जीवनि कों सदा काल धर्माधार देय हैं। उनके निर्विघ्न शास्त्राभ्यासादि होय तैसी सामग्री मिलावे है। ता पुरुष के मोल कों कल्पवृक्ष अर चिंतामणि पावे हैं। यह पुरुष कल्पवृक्षा दितें भी बड़ा है ॥ ५३ ॥

गाथा

लज्जंति जाणि मोहं सप्पुरिसा निय णाम गहणेण।
पुण तेंसि कित्तिणाउ अह्माण गलंति कम्माई ॥ ५४ ॥

अर्थः–मैं ऐसे जानू हुं के जे पुरुष जिन धर्मिनि की सहाय करे है, तिनके नाम लेने तें मोह लाजे है, मंद पड़े है। बहुरि तिनके गुण गावने ते हमारे कर्म गले हैं।

भावार्थः– जिनधर्मीन के नाम लेने तें जीव का कल्याण होय हैं ॥ ५४ ॥

गाथा

आणा रहियं कोहाइं संजुअं अप्प संसणत्थं च।
धम्मं सेवंताणं णय किती णेय धम्मं च ॥ ५५ ॥

अर्थः–जिनराज की आज्ञा रहित, क्रोधादि कषायनि करि संजुक्त आपकी प्रशंसा के अर्थ धर्म सेवे हैं। तिनके यश कीर्ति न होय है। अर धर्म भी न होय है।

जे जीव आपकी वड़ाई आदि कें अर्थ धर्म सेवे है, तिनकी उलटी कु बड़ाई होय हैं। अर कषाय के होने ते धर्म भी न होय है। तातें निरापेक्ष धर्म सेवना योग्य है ॥ ५५ ॥

गाथा

इयर जण संसणाए धिद्धी उस्सूत भासिए ण भयं।
हा हा ताण णराणं दुहाइ जइ मुणइ जिण णाहो ॥५६॥

अर्थः—जिनके और जीवनि की प्रशंसा के अर्थ जो समस्त जन मोसें भला कहे । याके अर्थ जिनसूत्र कों उलंघि करि बोलने में भय नाहीं । तिन जीवनि कों धिक्कार होउ, धिक्कार होउ। हाय हाय तिन जीवनि तिन जीवनि के पर- भव में जो दुःख होय हैं, ताकों जाने तो केवली जाने ।

भावार्थः—थोड़े से दिननि की मान बड़ाई के अर्थ अन्य मूर्खनि के कहे ते जिनसूत्र उलंघि उपदेश देइ हैं । ते अनंत काल निगोदादिक के दुःख पावे हैं । तातें जिनसूत्र के अनुसार यथार्थ उपदेश देना योग्य है ॥ ५६ ॥

गाथा

उस्सुत भासियाणं, बोही णासो अणंत संसारो ।
पाणव्वएवि धीरा, उस्सुत्तं ताण भासंति ॥ ५७ ॥

अर्थः—जे जीव जिनसूत्र को उलंघि उपदेश देय हैं । तिनकें सम्यग्दर्शनादिक की प्राप्ति रूप जो बोधिका ताका नाश होय हैं । बहुरि अनंत संसार बढ़े हैं । तातें प्राण नाश होतें भी धीर पुरुष हैं ते जिनसूत्र उलंघि न बोले हैं ॥ ५७ ॥

गाथा

मुद्धाण रंजणत्थं अविहिय सं संकथांवि ण करिज्जां ।
किं कुल वहुवो कत्य विगुणति वेसाण चरियाइं ॥ ५८ ॥

अर्थः—मूर्खनि के दिखायवे के अर्थ मिथ्यादृष्टिन के विपरीत आचरन की प्रशंसा कदाचित् भी करनी योग्य नाहीं । जातें कुनयपूर्ह है ते कहा, कहूं भी देवगनि के घातिमानि की प्रशंसा करे हैं ? अपितु नाहीं करे हैं ॥ ५८ ॥

गाथा

जिन आणा भंग भयं भवभय भी आण होय जीवाणं ।
भव भय अनो.रयाणं जिन आणा भंजन कीडा ॥५९॥

अर्थः-जे जीव संसार तें भयभीत हैं । तिनके जिनराज की आज्ञा भंग करने का भय होय है । बहुरि जिनके संसार का भय नाहीं तिनके जिन आज्ञा भंग करना क्रीडा (खेल) है ॥ ५९ ॥

गाथा

को अणु आगं दोतो जंतु असहियाण चेयणा पट्टा ।
घिद्धी कम्माण जउ जिणो विलद्धो अलद्धिए ॥ ६० ॥

अर्थः—जो जिनवाणी के समझने वाले ति की बुद्धि नष्ट होय. अन्यथा आचरण करे तो जिनश शास्त्र का ज्ञान नाहीं । तिनकों कहा दोष दीजिये । तातें कर्मनि के उदय कों धिक्कार होउ धिक्कार होउ । जातें जिन देव पाया भी न पाया, समान होय है ।

भावार्थः—केई जैन कुल में उपजे जीव नाम मात्र जैनी कहावे हैं । परंतु जिन देव का यथार्थ स्वरूप जानते नाहीं । बहुरि केई शास्त्रों अभ्यास भी करे हैं । परंतु तोके उपयोग लगाय देवादिक का निर्णय करते नाहीं । सो यहु तीव्र पाप का ही उदय है । जो निमित्त मिले भी यथार्थ जिनमत न पाया ॥ ६० ॥

गाथा

इयराण वि उवहासं तमजुत्तं भाय कुल पसू
एस पुण कोवि अग्गो, जंहा संसुद्ध धम्मम्मि ॥

भावार्थः—हे भाई जे वड़े कुल में उपजे पुरुष हैं तिनको अ[illegible]
का भी उपहास्य करना युक्त न है। बहुरि यहु कौनसी री[illegible]
जो सुद्ध धर्म विषें हास्य करना।

भावार्थः—हास्य करना तो सर्व ही पाप है। परंतु जे जीव ध[illegible]
विषें हास्य करे हैं तिनको महापाप होय है ॥ ६१ ॥

गाथा

दोसो जिणिदं वयणे, संतोसो जाण निच्छ पावम्मि।
ताणंपि सुद्धहियआ परम हियदा उमिच्छंति ॥ ६२॥

अर्थः—जिनके जिनराज के वचन में तो द्वेष है। अर मिथ्या[illegible]
पाप विषें हर्ष है। तिनको भी निर्मल है चित्त जिनके ऐ[illegible]
सत्पुरुष है, ते परम हित देने कों इच्छें हैं।

भावार्थः—महा मिथ्यादृष्टि कों भी सज्जन तो भला उपदेश दे[illegible]
हैं। फेर वांका भला होना भवितव्य के आधीन है ॥ ६२ ॥

गाथा

अहवा सरल सहावा सुअणा सव्वत्थ हुंति अविकप्पा।
य हुंति दिय भराणवि गुणांति करुणा दुजो हाणं ॥६३॥

अर्थः—अथवा सरल स्वभावी सज्जन पुरुष हैं ते सब विषें [illegible]
समान भाव है। काहू का बुरा न चाहे हैं। जिन के समूह कों
[illegible] के भी [illegible] किसी की [illegible] करे हैं। सो [illegible] सज्जन

। सम्यक्तीन के होय है। सो सम्यग्दर्शन का होना दुर्लभ बतावे हैं ॥ ६३ ॥

गाथा

गिह वावार विमुक्के बहु मुणि लोए विणत्यि सम्मतं ।
आलंवण णिलयाणं सड्ढाणं माय किं भाणिमो ॥६४॥

अर्थः-घर के व्यापार करि रहित ऐसे मुनिन में सम्यग्दर्शन नाहीं। तो घर के व्यापार में तत्पर जे गृहस्थ तिनकी हे भाई हम कहा कहे। तिनके सम्यक्त होना तो महा दुर्लभ है।

भावर्थः-केई जीव आपकौ सम्यक्ती मानि अभिमान करे हैं तिनकों कह्या है। जो पंच महाव्रत के धारी मुनि भी आपा पर के जाने बिना द्रव्य लिंगी ही रहे है। गृहस्थनि की कहा बात। तातैं जिनवाणी के अनुसार तत्वविचार में उद्यमी रहना योग्य है। थोड़ा सा जानि करि आपकों सम्यक्त्वी मानि प्रमादी होना योग्य नाहीं ॥ ६४ ॥

गाथा

ण सयं ण परकोवा जइ जिय उस्सुत्त भासणं विहियं ।
ता वुड्डसिणि ज्झतं णिरत्थयं तव कुडाडोवं ॥ ६५ ॥

अर्थः-जामें किछु आपका भी हित नाहीं ऐसा सूत्र उलंघि वचन कह्या तूनें आरम्या, तो हे जीव तू निस्संदेह संसार समुद्र विषें डूब्या, तेरा तपश्चरणादिक का आडंबर वृथा है।

भावार्थः-कोई जोई तपश्चरणादिक तो करे हैं। अर जिन वचन का श्रद्धान करे हैं। तो समस्त आडंबर वृथा है। तातैं सम्यक् श्रद्धान पूर्वक क्रिया करणो योग्य है ॥ ६५ ॥

गाथा

जह जह जिणिदं वयणं सम्मं परिणमय सुद्ध हियया णं।
तह तह लोय पवाहे, धम्मं पडिहाइण दुच्चरिअं ॥६६॥

अर्थः—सुद्ध है चित्त जिनके ऐसे पुरुपन के जैसा जैसा जिनराज का वचन सम्यक् प्रकार परणमे है । तैसा तैसा लोक व्यवहार में भी धर्मरूप प्रवृत्ति होय है । लोक मूढता रूप खोटे आचरण बूढे हैं ॥ ६६ ॥

गाथा

जाण जिणिंदो णिवसइ, सम्मं हिययम्मि सुद्ध णाणेण।
ताण तिण चुविरायइ, मिच्छा धम्मो इमो सयलो ॥६७॥

अर्थः—जिन पुरुपनि के हृदय विषें निर्मल ज्ञान सहित जिनराज वसे हैं । तिनकों सो यहु समस्त मिथ्यादृष्टीनि का धर्म तृणवत् प्रतिभासे हैं।

भावार्थः—जे जीव वीतराग देव के सेवक हैं । तिनकों सरागीन का कह्या मिथ्या-धर्म तुच्छ भासे हैं । उनका अभ्युदय देखि मन में आश्चर्य न होय हैं । जाने है जो यहु विप मिश्रित भोजन है । वर्तमान में भला दीसे हैं । परिपाक में खोटा है ॥ ६७ ॥

गाथा

लोय— पवाहे समीरण, उद्दंड पयंड लहरीए।
दिढ़ सम्मत्त महाबल, रहिआ गुरुआवि हल्लति ॥६८॥

अर्थः—लोक मूढता रूप उत्कट पवन की प्रचंड लहरनि करि जे दृढ सम्यक्त रूप महाबल करि रहित है । ते भारी पदार्थ भी हलके हैं ।

सब मूढ़तान मैं लोक मूढता प्रबल है। जाकरि बड़े पुरुषनि का भी श्रद्धान शिथिल होय जाय है। जातें जिस तिस उपाय करि जैनमत की श्रद्धा दिढ करणी। अर लोक रीति मैं मोहित न होना। जो ये सर्व लोक करे हैं सो किछु तो या में सार है ऐसा न जानना ॥ ६८ ॥

गाथा

जिणमय अवहीलाए, जं दुक्खं पावणंति अण्णाणी।
णाणीण संभरित्ता, भएण हियय भर थरइ ॥ ६६ ॥

अर्थः—केई अज्ञानी जीव जिन मत की अवज्ञा करे हैं। ताकारि नरकादिक के घोर दुःख पावे हैं। जा दुःख का स्मरण करि ज्ञानीन का हृदय भय करि थर थर कांपे है ॥ ६९ ॥

गाथा

रे जीव अणाणीणं, मिच्छादिट्ठीण णिअसि किं दोसि।
अप्पावि किं ण याणसि, ण जइ काट्ठण्ण सम्मत्तं ॥७०॥

भावार्थः—रे जीव अज्ञानी मिथ्यादृष्टिन के दोषनि कों कहा निश्चय करे है। वेतो मिथ्यादृष्टी ही है। तूं आपही कों क्यों नाहीं जाने। तेरे निश्चल सम्यक्त्व नाहीं। तो तूं भी दोषवान है। तातें जिनवाणी के अनुसार श्रद्धान दृढ करना यह तात्पर्य है ॥ ७० ॥

गाथा

मिच्छत्त भायरंतवि, जे इह वंछंति सुद्ध जिण धम्मं।
ते धत्थावि जरेणय, भुत्तं इंछति खीराइं ॥ ७१ ॥

अर्थः—जे जीव मिथ्यात्व आचरण करते भी निर्मल धर्म को वांछे हैं। ते ज्वरकरि ग्रस्त भी दुग्धादि वस्तु खाने की इच्छा करे हैं।

भावार्थः—केई जीव कुदेवादिक का सेवना आदि मिथ्या आचरण कों तो छोड़े नाहीं। कहे है यह तो व्यवहार है। श्रद्धा तो हमारे जिनमत ही की है तिनकों कह्या है। जो जहां ताईं मिथ्या देवादिक कों सेवा तें रहे हैं, तहां ताईं सम्यक्त्व को अंश भी नाहीं। तातें मिथ्या देवादिक का प्रसंग दूर ही तें त्यागना। तब किछु सम्यक्त्व की वारता करनी यह अनुक्रम है॥ ७१॥

गाथा

जह केइ सुकुल वहुणो, सीलं मइलंति लिंति कुलणामं।
मिछत्त माय रंतवि, वहंति तह सुगुरु के रत्तं॥ ७२॥

अर्थः—जैसें कोई कुलवधु अपना सील कों तो मलिन करि व्यभिचार सेवे अर कुल का नाम लेइ, हम कुलीन हैं, तैसें कुगुरु हैं, ते मिथ्यात्व का आचरण करते संते भी कहे हैं। हम सुगुरनि के शिष्य हैं।

भावार्थः—इस काल में केई श्वेतांबर रक्तांबर आदि जैनमत में भी भेषी भये हैं। ते जिनराज की आज्ञा विरोधि के वस्त्रादि परिग्रह धारते संते भी आपको आचार्यादि पद मानें है। कहे हैं हम गणधरादिक के कुल के हैं। तिनकों कह्या है। जो अन्यथा आचरण करेगा सो मिथ्यादृष्टी ही है, कुल तें किछु साध्य नाहीं। जैसें बड़े कुल की भी स्त्री है। अर व्यभिचार सेवेगी तो व्यभिचारिणी ही है। कुलीन नाहीं॥ ७२॥

गाथा

रसुत मायरंतवि, उवंति अप्पं सुसावगात्तम्मि।
सद्दरोर विंधत्य वितुलंति सरिसिं धणड्ढेहिं ॥ ७३ ॥

र्थः–जे पुरुष जिन सूत्र को उलंघिके आचरण करते संतें भी आपको भले श्रावक पनें में स्थापे हैं। आपको श्रावक मानें हैं। दरिद्र करि ग्रसे भी आपकों धनवाननि करि समानता लहे हैं।

भावार्थः–केई जीवनि के देव गुरु धर्म के श्रद्धानादिक का तो किछु ठीक नाहीं। अर केई अनुक्रम भंग आखंडी धारि आपकों श्रावक माने हैं। ते श्रावक नाहीं। श्रावक तो यथा योग्य आचरण करेगा तब होयेगा ॥ ७३ ॥

गाथा

किवि कुल कम्मम्मि रत्ता किवि रत्त सुद्ध जिणवरमयम्मि।
ाय अंतरम्मि पिच्छह, मूढ़ा णायं ण याणंति ॥ ७४ ॥

अर्थः–केई जीव तो कुलक्रम में आशक्त हैं। जो बड़े करते आये, तैसे करे हैं, किछु निर्णय करतें नाहीं। बहुरि केई जीव शुद्ध जिनराज के मत में आशक्त हैं, जिनवाणी के अनुसार निर्णय करि जिनधर्म को धारे हैं। सो इनका अंतर देखहु बड़ा अंतर है। बाह्य तो एक से दीसे है परंतु परिणामन में बड़ा अंतर है। परंतु मूढ़ जीव है ते न्याय को न जाने हैं। सबको एक से माने हैं।

भावार्थः–निर्णय विना कुल के अनुसार धर्म धारेगा, सो जीव कुल के धर्म छोड़ देइगें। तब आप ही छोड़ देयगा। अर निर्णय करि धर्म धारेगा सो कदाचि न चलेगा। तातें जिनवाणी अनुसार निर्णय करि धर्म धारना सो ही भला है ॥ ७४ ॥

अर्थः–और महापुरुष और अज्ञानी के भक्त औ काठ का मरम इनतें विरक्त ऐसे विवेकी पुरुष इन पूर्वोक्त तें दूर रहि। अर्थात इनकी संगति नकोकरना ऐसा जानना।

गाथा

जे मग्गे जाया सुहेण गछंति सुद्ध मग्गम्मि।
जेहि अमग्गे जाया मग्गे गच्छंति तं चुज्जं ॥ ८३ ॥

अर्थः–जे जीव सुद्ध मार्ग में उपजे हैं ते तो सुख सहित शुद्ध मार्ग में चले ही हैं। परंतु जे अमार्ग में उपजे हैं, अर मार्ग में चले हैं, सो आश्चर्य है।

भावार्थः–जिनके जिनधर्म संतान में चला आया है। ते जिनधर्म में प्रवर्तें सो तो ठीक ही है। परंतु जे अन्य कुल में उपजे जिनधर्म तामें प्रवर्ते है, सो बहु आश्चर्य है, ये अधिक प्रशंसा योग्य है ॥ ८३ ॥

गाथा

मिच्छत सेवगाणं विग्घ सयाइवि वितिणो पावा।
विग्घ लवम्मिवि पडिए दिढ़ धम्माणय भण्णंति ॥८४॥

अर्थः–पापी जीव है ते मिथ्यात्व के सेवकनि के संकड़ा विघ्न होय है, ते भी कहे नाहीं। बहुरि दिढ़ सम्यक्तीनि के विघ्न का अंश भी पूर्व कर्म के उदय तें होय हैं। ताकूं प्रगट कर कहैं हैं।

भावार्थः–कुदेवादिक के सेवने में संकड़ा विघ्न होय ताकूं तो मूर्ख गिने नाहीं। अर धर्म सेवतें पूर्व कर्म के उदय तें कदाचित् किंचित् विघ्न होय ताकूं कहे, धर्म तें विघ्न भया सो ऐसी विपरीत बुद्धि होय है। सो मिथ्यात्व की महिमा है ॥ ८४ ॥

गाथा

जह वद्दलेण सूरं महियल पयडंति णेय तिक्
मिच्छत्तसाय उवये तहेव ण णिजंति जिणदेवं ॥ ८०

अर्थः-जैसे दुर्योग में प्रगट बैरोचन जो सूर्य सो मे
करि आच्छादित लोक न देखे हैं। जैसे ही मिथ्यात्व के
करि जिनदेव को लोक न जाने हैं।

भावार्थः-अरहंत देव का जैसा स्वरूप कह्या तैसा गुण ग्राही
अविरोध परीक्षावान को प्रगट होते हैं परंतु जिनके मिथ्या
का उदय है तिनकूं किछु भासता नाहीं ॥ ८० ॥

गाथा

किं सोवि जणणि जाउ जाउ जणणी ण किं गउवुड्ढी।
जइ मिच्छरउ जाउ, गुणेसु तह मच्छरं वहई ॥ ८१ ॥

अर्थः-जो पुरुष मिथ्यात्व में आसक्त है। अर सम्यग्दर्शनी
गुणनि में मत्सरता धारे हैं, तो वह पुरुष माता के कहा उपज्या ?
अपितु नाहीं उपज्या। अथवा उपज्या तो कहा वृद्धि कों प्राप्त
भया, अपितु नाहीं भया।

भावार्थः-मनुष्य जन्म पारे का फल तो यह है, जो जिनव
अभ्यास करि मिथ्यात्व को तो त्यागना, अर गुणनि को अंगीक
करना। अर जाने यह कार्य न किया, ताके नरभव पाया भी
पाया तुल्य है ॥ ८१ ॥

गाथा

वेसत्ताण वंदियाणय, महाहत्ताण जक्ख तिक्खाण।
भत्ता भर कट्ठाणं, विरयाणं जंति दूरेण ॥ ८२ ॥

गाथा

सम्मत्त संजुयाणं विग्घं पिहु होइ उच्छउ सारित्त
पर मुच्छवंपि मिच्छत संजुअं अइ महा विग्घं ॥ ८५

अर्थः—जे सम्यक्त सहि जीव हैं तिनकें विघ्न भी प्रगट उत्सव माने हैं। बहुरि मिथ्यात्व सहित परम उत्सव भी म विघ्न है।

भावार्थः—धर्मात्मा जीवनि के कोइ कर्म के उदय तें उपसर्ग आवे परंतु तहां निश्चल श्रद्धा रहने तें पापकर्म की निर्जरा है पुण्य के अनुभाग बढे। तब आगामी महा सुख होय। मिथ्या सहित जीव कें कोई पुण्य के उदय तें वर्तमान सुख दीखे, परंतु मिथ्यात्व पाप बंध होने तें आगामी नरकादिक महादुःख निपजे तातें सम्यक्त्व सहित दुःख ही भला। मिथ्यात्व सहित सुख भी भला नाहीं। ऐसा जानना ॥ ८५

गाथा

इंदोवि ताण पणमइ ही लंतोणिय रिद्धि वित्थारं
मरणते विहु पत्ते समत्तं जे ण छंड्डंति ॥ ८६

अर्थः—जे जीव मरण पर्यंत दुःख कों भी प्राप्ति होत सं सम्यक्त्व न छोड़े हैं। तिनकूं इन्द्र भी अपनी ऋद्धि विस्ता कों निंदता संता प्रणाम करे हैं।

भावार्थः—इंद्र भी यह जाने है, कि जिनके दृढ सम्यग्दर्शन है ते ही जीव सास्वता सुख पावे हैं। अर सम्यक्त्व ही अविनाशी ऋद्धि है। जातें सम्यक्त्व आत्मा का स्वरूप है। अर यह ऋ विभूति तो विनाशीक है। दुःख का कारण है। तातें सम्यग्दृष्टी कों नमस्कार करे हैं ॥ ८६ ॥

ति णिय अजीवं तिणंब मुक्खत्थिणो तडण सम्मं ।
इ पुणोवि जीवं समंत्त हरियं कुत्तो ॥ ८७ ॥

र्थः-जे जीव मोक्ष के अर्थी है ते जीवतव्य कों तो तृण को
। त्याग देइ हैं । परंतु सम्यक्त्व तो भी न त्यागे हैं । तातें
वतव्य तो फेर भी पाइये है । अर सम्यक्त्व गया फेर पावना
भ है ।

वार्थः-कर्मोदय के आधीन मरणा जीवना तो अनादि तें होय
है । परंतु जिनधर्म पालना महा दुर्लभ है । तातें प्राणांत में
ो सम्यक्त्व त्यागना योग्य नाहीं ॥ ८७ ॥

गाथा

य विहवावि सविहवा सहिया सम्मत्त रयण राएण ।
मत रयण रहिआ संतेवि धणे दरिद्दंति ॥ ८८ ॥

अर्थः--जे पुरुष सम्यक्त्व रूपी रत्न राज करि सहित हैं,
पुरुष धन धान्यादि विभव करि रहितहैं । तो भी विभव
हित हैं । बहुरि जे पुरुष सम्यक्त्व रहित हैं, ते धन होत संते
ी दरिद्री है ।

भावार्थः-जा जीव के आत्म ज्ञान भया है, ता के धन आदि पर
द्रव्य के होने न होने में हर्ष विषाद नाहीं । वीतराग सुख का
आस्वादी है । तातें सांचा धनवान है । बहुरि अज्ञानी है, सो
पर द्रव्य की वृद्धि हानि में सदा आकुलता है । तातें दरिद्री है,
ऐसा जानना ॥ ८८ ॥

गाथा

जिण पूयण पछावे, जइ कुवि सद्दाण देइ धन कोडी ।
मुत्तूण तं असारं विरयंति जिण पूयं ॥ ८९ ॥

गाथा

जं जिण आणाए तं चिय मण्णइ ण मण्णए सेसं ।
णाइ लोय पवाहे णहुतत्तं सोय तत्तविऊ ॥ ६१ ॥

अर्थः—जो जो जिन आज्ञा विषें कह्या तिस तिस कों तो माने जिन आज्ञा सिवाय और कों न माने । अर लोक रीति विषें मार्थ न जाने सो पुरुष तत्वज्ञानी है ।

भावार्थः—सम्यग्दृष्टि है ते जिन भाषित धर्म कों तो सत्यार्थ ते हैं । अन्य मिथ्यादृष्टी लोकनि की सब रीति मिथ्या ते है ॥ ९१ ॥

गाथा

जण आणाए धम्मो, आणा रहियाण कुड अहम्मुत्ति ।
इय मुणि ऊणं यतत्तं, जिण अणाए कुणह धम्म ॥ ६२ ॥

अर्थः—जिन आज्ञा करि तो धर्म है, अर आज्ञा रहित जीवनि के प्रकट अधर्म है । ऐसा वस्तु स्वरूप जान करि जिन आज्ञा करि धर्म करहु ।

जो जो धर्म-कार्य करे सो जिन आज्ञा प्रमाण करणा । अपनी युक्ति करि मानादि पोषने के अर्थ आज्ञा सिवाय प्रवर्त्तना युक्ति नाहीं । जातें छद्मस्थ अवश्य भूले ही । इहां कोई कहे जो जिन आज्ञा तो श्वेतांवरादिक भी कहे हैं । हम कौन कों प्रणाम करें, ताका उत्तर, जो युक्ति शास्त्र तें अविरोध कुंद कुंदादि महंत आचार्यानि ने यथार्थ आचरण कह्या है, ताकों अंगीकार करना । श्वेतांवरादिकनि ने अपना शिथिलाचार कह्या, सों युक्त शास्त्र ते परीक्षा करें । प्रगट विरुद्ध भासे सो त्यागना । फेरि कोउ कहे, जो दिगंबर शास्त्रनि में भी अन्य अन्य कथन होय, ताकों

कहा करे ? ताका उत्तरः—जो सर्व शास्त्रनि में एकसा क
होय सो तो प्रमाण ही है। अर कहीं विवक्षा के वश तें अ
कथन होय, ताको विधि मिलाय लेय। अर आपके ज्ञान
विधी न मिले तो आपकी भूली माने। बड़े ज्ञानीनि से निर्ण
कर लेय विपेश शास्त्रनि का अभ्यास सम्यक्त्व
कारण है ॥१२॥

गाथा

साहीणे गुरु जोगे जे णहु सुणंति सुद्ध धम
ते धिट्ठ दुट्ठचित्ता अह सुहडा भवभय विहूणा ॥

अर्थः—गुरु जो धर्मनि के स्वरुप का वक्ता ताका संयोग स्व
होते संते भी अभ्यास सम्यक्त्व का मूल कारण है। जे नि
धर्म का स्वरुप न सुने हैं, ते पुरुष दुष्ट हैं। अर धीठ चित्र है
अथवा संसार के भयकरि रहित सुभट हैं।

भावार्थः—धर्मात्मा जीव तो वक्ता का निमित न होय तो
ताका निमित्त कष्ट सें भी मिलाय करि धर्म श्रवण करे हैं। अ
जिनकों स्वयमेव वक्ता का निमित्त मिल्या अर तो भी धर्म
श्रवण न करे हैं, तें आपका अकल्याण करने तें दुष्ट हैं। अर
काहे की लज्जा नाहीं। तातें धीठ हैं। अर संसार का भय होता
तो धर्म श्रवण करता, तातें जानिए है, संसार के भय रहित
सुभट हैं, यहु तर्क निंदा है ॥ १३ ॥

गाथा

सुद्ध कुल धम्म जायवि गुणिणो ण रमंति लिंति जिण
तत्तोवि परंमतत्तं तउवि उवयारउ मुक्खं ॥

अर्थः-सुद्ध कुल धर्म विषें उपजे जे गुणवान पुरुष हैं, ते भी निश्चय करि संसार में नाहीं रमे हैं। जिनराज की दीक्षा ग्रहण करे हैं। तातें भी फेर परम तत्व जो सुद्ध आत्मा ताका ध्यान करे हैं। तातें आत्मा का परम हित रुप मोक्ष पावे हैं।

भावार्थः-जो संसार में सुख होता तो तीर्थंकरादि बड़े पुरुष काहे कों त्यागते। तातें जानिए हैं, संसार में महा दुःख हैं ॥ ९४ ॥

गाथा

वणेमि णारयाउवि, जेंसि दुक्खाइं संमरं ताणं।
भव्वगा जणइ हरिहर रिद्धि समिद्धीवि उव्वासं ॥९५॥

अर्थः-तिन भव्यजीवनी को मैं वर्णूं हूं। धन्य मानूं हूं। जिनके नरक के दुःख समरण करते न के हरिहरादिक की ऋद्धि की वृद्धि भी उदास भाव उपजावे हैं।

भावार्थः-ज्ञानि जीव हैं ते हरिहरादिक की विभूति में भी न राचे हैं। तो और विभूति में कैसे राचें। जातें ज्ञानी जीव बह्वारंभ परिग्रह तें नरकादि दुःखनि की प्राप्ति जाने हैं। केवल सम्यग्दर्शनादिक ही कौं आत्मा के हित माने है ॥ ९५ ॥

गाथा

सिरि धम्मदास संगणिणा, रइयं उवएस माल सिद्धतं।
सव्वेवि समण सड्ढा मण्णंति पठंति पाठंति ॥ ९६ ॥

अर्थ-श्री धर्मदास आचार्य करि उपदेशनि की है माला जा विषें ऐसा सिद्धांत यहु रच्या है। ताहि सर्व ही मुनि या श्रावक माने है। पढे हैं, पढावे

भावार्थः-यह उपदेश आगे धर्मदास आचार्य ने रच्या है सोही मैंने कह्या, किछु कपोल कल्पित नाहीं। याहीं तें प्रमाण भूत हैं। अर सम्यक्त्वादिक के पुष्ट करने तें सबनि का कल्याण कारी है ॥ ९६ ॥

गाथा

तं चेव केइ अहमा छलिया अइ माणमोह भूएण।
किरियाए हीलंता हा हा दुक्खाइ ण गणंति ॥ ९७ ॥

अर्थः-बहुरि ताही शास्त्र कों कोई अधम मिथ्यादृष्टी है, ते आचरण विषें निंदा करे हैं। हाय हाय! निंदा करने तें जे नरकादिक के दुःख होय हैं, तिनकों न गिने हैं। कैसे हैं ते अत्यन्त मान अर मोह रूप राजा करि ठगे हैं।

भावार्थः-जे यथार्थ आचरण तो कर सकते नाहीं। अर आपको महंत बनाए चाहे हैं, मोही हैं तिनको यह यथार्थ उपदेश रुचे नाहीं ॥ ९७ ॥

गाथा

इयराय चक्कुराणवि आणा भंगेवि होइ मरण।
किं पुन तिलोय पहुणो जिणिंद देवाहि देवस्स ॥

अर्थः-चक्रवर्तीन का या और राजानि का भी आज्ञा भंगे मरण का दुःख होय है। तो कहा फेर तीन लोक जो जिनेंद्र देवाधिदेव ता की आज्ञा भंग तें दुःख न हो होय ॥

भावार्थ-केवल अज्ञान तें पदार्थ को अयथार्थ तो भी आज्ञा भंग न कहिये, बहुरि कषाय के योग सो अन्यथा करे, वा कहै, तो अनंत संसारी ...

त्यामत प्रवर्तें हैं । ते जिनाज्ञा न माने ताही तें प्रवर्ते है । तातें धर्मीनि कूं कषाय के वश तें जिनाज्ञा भंग करना योग्य नाहीं । अर जिनकों अपना मानादि पोषणा होय तिनकी कथा नाहीं ॥ ९८ ॥

गाथा

जगगुरु जिणस्स वयणं सयलाण जियाण होय हिय करणं।
ता तस्य विराहणया, कहधम्यो कहणु जीवदया ॥ ९९ ॥

अर्थः-जगत का गुरु जो जिनराज ताका वचन सकल जीवनि का हितकारी है । तातें तिस जिन वचन की विराधना करि, कहो, धर्म कैसे होय, अर जीव दया कैसें होय ।

भावार्थः-केई ढूंढिया आदि हैं ते जिन आज्ञा प्रमाण पूजादिक कार्यनि में हिंसा मान तिनकों उथापि और ही प्रकार धरम वा जीव दया प्ररूपे हैं । तिनकों कह्या है, जो पूजादि कार्यनि में हिंसादिक होते तो भगवान उपदेश काहे कों देते । तातें तेरी समझ में ही दोष है । जिन वचन है सो सर्व ही दयामय है । अर जाकें जिन आज्ञा प्रमाण, नाहीं ताके धर्म है न दया है ॥ ९९ ॥

गाथा

किरियाइ फडाडोवं, अहिय साहंति आगम विहूणं ।
मुद्धाण रंजणत्थं, सुद्धाणं हीलणत्थाए ॥ १०० ॥

अर्थः-जे जीव तपश्चरणादि क्रिया का आडंबर आगम रहित अधिक साधे हैं, सो मूर्ख जीवनि के [illegible]
हैं । अर ज्ञानीनि के निंदा के अर्थ हैं ।

भावार्थ—केई मिथ्यादृष्टी जिनाज्ञा विना अनेक आडंबर हैं, सो मूर्खनि कों उत्कृष्ट भासे हैं। ज्ञानी जाने हैं। यहु सम क्रिया जिनाज्ञा रहित कार्यकारी नाहीं ॥१००॥

गाथा

जो देइ सुद्ध धम्मं सो परमप्पा जयम्मि णहु अण्णो।
किं कप्पद्दुम सरिसो इयर तरु होइ कइयावि ॥१०१॥

अर्थः- जो सुद्ध जिनधर्म का उपदेश देय सो ही लोक में प्रगट पने में परमात्मा हैं जो धन-धान्यादि पदार्थनि का देने वाला नाहीं। जैसे कहीं कल्पवृक्ष समान और वृक्ष कदाचित भी होय हैं। तातें जो धर्म का उपदेश देय सो ही परम हितकारी बहुरि अन्य स्त्री पुत्रादिक कहें ते हितकारी नाहीं। ज मोहादिक के कारण हैं ॥ १०१ ॥

गाथा

जे अमुणिय गुण दोसा, ते कह विवुहाण हुंति मज्झत्था।
अह ते विहु मज्झत्था ता विस अमियाण तुल्लत्तं ॥१०२॥

अर्थः-जे नाहीं जाने हैं गुण दोष जिनने ऐसे मूर्ख जीव हैं ते पंडितनि के ऊपर मध्यस्थ कैसें होउ। क्रोधादि के सेन करे करे ही करे। जातें उनकों पंडितनि के गुणनि की परखि नाहीं अथवा ते मूर्ख भी मध्यस्थ होय तो विष अमृत का समान पना ठहरे सो हैं नाहीं ॥ १०२ ॥

गाथा

मूढं जिणिंद देवो, तव्वयणं गुरुजणं महासयणं।
सेसं पावट्ठाणं, परमप्पाणं च वज्जेमि ॥ १०३ ॥

अर्थः-धर्म की उत्पत्ति के मूल ऐसे तो जिनेंद्रदेव, अर तिनके वचन, अर महा सज्जन स्वभावी निर्ग्रंथ गुरु, ये पदार्थ धर्म की उत्पत्ति के मूलकारण है। बहुरि इन सिवाय अन्य कुदेवादिक पाप का स्थान है। सो आपकों वा परकों मैं बरजूं हूं।

भावार्थः-देव-गुरु-धर्म का श्रद्धान सम्यक्त्व का मूल कारण है। सो आपके वा परकैं दिढ़ करने के अर्थ यहु उपदेश मैं रच्या है। यहु आशय है ॥ १०३ ॥

गाथा

अह्माण राग रोसं, कस्सुवरिं णत्थि अत्थि गुरू विसए।
जिण आणरया गुरुणो, धम्मत्थं सेसवो सरिमो ॥१०४॥

अर्थः-हमारे राग द्वेष कोई के ऊपर नाहीं है। एक कुगुरु विषैं राग द्वेष है। सो राग द्वेष कहा। जे जिनाज्ञा में तत्पर है ते तो हमारे धर्म के अर्थ गुरु है। इन सिवाय अन्य कुगुरुन को मैं त्यागूं हूं।

भावार्थः-कोउ कहे जो तुम्हारे राग द्वेष है। तातैं ऐसा उपदेश करो हो। ताकों कह्या है। जो हमारे लौकिक प्रयोजन के अर्थ उपदेश नाहीं, केवल धर्म के अर्थ कुगुरु सुगुरु का ग्रहण त्याग करावने का प्रयोजन है। जातैं सुगुरु कुगुरु ही सम्यक्त्व मिथ्यात्व के मूल कारण है ॥ १०४ ॥

गाथा

णो अप्पणा पराया, गुरुणो कइआवि हुंति सद्याणं।
जिणवयण रयण मंडण मंडिय [illegible] ॥१०५॥

अर्थः-श्रद्धावान जीवनि के [illegible] भी

भी न होय है । जिनवचन रूप रत्ननि के आभूषण करि मं
है । ते सर्व ही सुगुरु है ।

भावार्थ:—इस कलिकाल में केई जीव ऐसे माने हैं । जो अमुक
गछ के वा अमुकी संप्रदाय के तो हमारे गुरु है । बाकी औरनि
के गुरु है । हमारे नाहीं सो ऐसा एकांत जिनमत में नाहीं
जिनमत में तो जे यथार्थ आचरण के धारी हैं, ते सर्व ही गुरु
हैं ॥ १०५ ॥

गाथा

वलि किज्जामो सज्जण जणस्स सुविसुद्ध पुण्ण जुत्तस्स ।
जस्सलहु संगमेणवि सुधम्म बुद्धि समु ल्लसइ ॥१०६॥

अर्थ:—निर्मल पुण्य करि युक्त जो सज्जन पुरुष ताकी मैं बलि
जाऊ हूं । प्रशंसा करु हूं । जाके संगम करि शीघ्र ही निर्मल
धर्म बुद्धि हुलसायमान होय है ।

भावार्थ:—मिथ्यात्व रहित सम्यक्तादि धर्म की इच्छा है,
साधर्मी विशेष ज्ञानीनि की संगति करो । जातें संगति मैं
गुण दोषनि की प्राप्ति देखिये हैं ॥ १०६ ॥

गाथा

अज्जवि गुरुणो गुणिणो, सुद्धा दीसंति लडयडाकेवि ।
यहुजिण वल्लह सरिसो पुणोवि जिण वल्लहो चेव ॥११०॥

अर्थ:—अवार भी केई गुणवान, निर्दोष गुरू दीसे हैं कैसे हैं,
जिनराज समान हैं । नग्न मुद्रा के धारी हैं । बहुरी केवल बाह्य
लिंग ही नाहीं, तो कैसे हो ? जिनराज ही है इष्ट जिनको
ऐसे हो ।

भावार्थः-जिन भाषित धर्म के धारी है । केवल नग्न परम हंसादिक की ज्यों नाहीं । इहां कोऊ कहे जो अवार इस क्षेत्र में मुनि तो दीसते नाहीं, इहां कैसे कहे । ताका उत्तर, जो तुम्हारी ही अपेक्षा तो वचन नाहीं । वचन तो सबनि की अपेक्षा है । सो कोई के प्रत्यक्ष होय होगें । जातें दक्षिण दिसा में अवार भी मुनिन का सद्भाव शास्त्र में कह्या है ॥ १०७ ॥

गाथा

एणेवि सुगुरू जिणवल्लहस्स केसिण उल्लसइ सम्मत्तं ।
हकह दिण मणि ते अं अलुआणं हरइ अंधत्तं ॥१०८॥

